मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक / बी–5 / 2 / एम.आई.एस. / वेबसाईट / 2018–19 / 1079 भोपाल दिनांक 27 फरवरी 2019

प्रति,

संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

विषयः–मण्डी बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट में मण्डी प्रोफाईल की जानकारी दर्ज करने संबंधी।
संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक / बी–5 / 2 / एम.आई.एस. / वेबसाईट / 2018–19 / 1055–1056 दिनांक 05 फरवरी 2019 एवं ई–मेल दिनांक 20 फरवरी 2019।

–0–

दिनांक 17 जनवरी 2019 से मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की नव विकसित वेबसाईट www.mpmandiboard.co.in को सजीव वातावरण में Live किया जाकर नव विकसित पोर्टल पर कार्य सम्पादन के लिये आपके माध्यम से अंचल की प्रत्येक मण्डी समिति के सचिव को User name एवं Password का क्रियेशन कर प्रेषित किये गये हैं। साथ ही नवविकसित वेबसाईट पर प्रदेश की समस्त 257 मण्डी समितियों की मण्डी प्रोफाईल की जानकारी दर्ज करने हेतु पोर्टल पर निर्धारित स्क्रीन की हार्डकापियॉ एवं जानकारी दर्ज करने की प्रकिया यथा विधि तैयार कर उपलब्ध कराई जाकर अपनी मण्डी के कम्प्यूटर कार्य में प्रशिक्षित मण्डी कर्मी की मदद से मण्डी प्रोफाईल की जानकारी एक सप्ताह की समय सीमा में नव विकसित पोर्टल पर अनिवार्य रुप से दर्ज कराने के निर्देश संदर्भित पत्र / ई–मेल से दिये गये थे।

दिनांक 26 फरवरी 2019 को मण्डी बोर्ड की नवविकसित पोर्टल यथा वेबसाईट पर मण्डी प्रोफाईल की समीक्षा में यह पाया गया कि अंचल की अधिकांश मण्डियों के द्वारा अपने "मण्डी प्रोफाईल" की प्रविष्टि सुनिश्चित नहीं की गई है। यह स्थिति कार्यालयीन कार्य की दृष्टि से अत्यंत आपत्तिजनक है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि अंचल की समस्त मण्डी समितियों को मण्डी बोर्ड की नवविकसित पोर्टल यथा वेबसाईट पर कार्य के लिये उनके User name एवं Password की जानकारी तत्काल उपलब्ध करायें तत्पश्चात एक अभियान चलाकर "मण्डी प्रोफाईल" की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराकर दिनांक 12 मार्च 2019 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में पालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें ताकि समग्र स्थिति पर समीक्षा की जा सके।

(डॉ.केदार सिंह)
27/2/19
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/एम.आई.एस./वेबसाईट/2018–19/1080 भोपाल दिनांक 27 फरवरी 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) अपर संचालक (समस्त)/प्रमुख अभियंता/अधीक्षण यंत्री/संयुक्त संचालक (समस्त) मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री मुकेश शर्मा, मुख्य्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(03) श्री कुलदीप सिंह चौहान, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, क्रिस्प संस्था, श्यामला हिल्स, भोपाल।

(04) निज सहायक, प्रबंध संचालक के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(05) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0)।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल